# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

**15th January 2025**



## स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन

मध्य प्रदेश सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ किया।

**प्रमुख बिंदु:**




- ❖ इसका शुभारंभ राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के अवसर पर किया गया।
- ❖ **उद्देश्य:** राज्य के युवाओं को उनके कौशल, ज्ञान और समग्र विकास को बढ़ाने के अवसर प्रदान करके सशक्त बनाना।
- ❖ **मिशन के स्तंभ:** संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि।
- ❖ युवा शक्ति मिशन **'आत्म दीपो भवः'** का घोष है, अर्थात् अपना दीप स्वयं बनो।
- ❖ **लक्ष्य:** यह मिशन शहरी तथा ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के कल्याण के लिये है। इसमें महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।
- ❖ इस मिशन को 'ज्ञान (GYAN) पर ध्यान' और **मध्यप्रदेश की 'युवा नीति-2023'** को केन्द्र में रखकर आकार दिया है।
  - ➢ **ज्ञान (GYAN):** प्रधानमंत्री द्वारा निर्देशित, जिसमें G से गरीब, 'Y' से युवा, 'A' से अन्नदाता और 'N' से नारी कल्याण की बात कही गयी है।
- ❖ **विशेष ध्यान:** इस मिशन में युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
  - ➢ **कौशल विश्वविद्यालय** की स्थापना से रोज़गार के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास किया जाएगा।
  - ➢ पर्यटन, कृषि और सेवा क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए **विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम** होंगे।
  - ➢ युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और **स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध** कराने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगी।
  - ➢ युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता और **राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित** करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
  - ➢ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से उनके **मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य** को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2025

अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2025, गुजरात में आयोजित किया गया था।

**प्रमुख बिंदु-**

- ❖ इसका उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया।
- ❖ यह महोत्सव **11 से 14 जनवरी** तक अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट,स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (एकता नगर), राजकोट,वडोदरा, सूरत, शिवराजपुर और धोर्डो में आयोजित किया गया।
- ❖ इस उत्सव में **47 देशों** के 143 पतंगबाज और 11 अलग-अलग भारतीय राज्यों के 52 पतंगबाज शामिल हुए।

## होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य

होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र में तेल और गैस की खोज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे गयी है।

**प्रमुख बिंदु-**

- ❖ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) की स्थायी समिति ने **21 दिसंबर** को अपनी बैठक के दौरान वेदांता समूह के केयर्न ऑयल एंड गैस के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- ❖ एनबीडब्ल्यूएल की बैठक के विवरण के अनुसार डब्ल्यूआईआई और असम वन विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने 15 नवंबर को अभयारण्य से लगभग **13 किलोमीटर दूर स्थित परियोजना स्थल का निरीक्षण** किया था।
  - ➢ निरीक्षण समिति ने पाया कि अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग से न्यूनतम क्षति होगी, केवल वाणिज्यिक ड्रिलिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- ❖ साइट पर **अन्वेषण केवल हाइड्रोकार्बन भंडार की पहचान** के लिए किया जाएगा। यदि भंडार की खोज की जाती है, तो कोई भी निष्कर्षण ईएसजेड के बाहर से किया जाएगा।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

- यह परियोजना स्थल असम-नागालैंड सीमा पर विवादित क्षेत्र में स्थित है।

**होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य**

- **स्थापना:** 1997
- यह असम के जोरहाट जिले में स्थित है।
- यह अभयारण्य 20.98 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जबकि इसका ईएसजेड 264.92 वर्ग किलोमीटर में फैला है।
- इसका ईएसजेड **अभयारण्य**, **डिसोई घाटी रिजर्व फॉरेस्ट और नागालैंड के वन क्षेत्रों के बीच संपर्क** सुनिश्चित करता है। यह संपर्क क्षेत्र में पाए जाने वाले **प्राइमेट्स की सात प्रजातियों** के लिए महत्वपूर्ण है।
- भारत की एकमात्र वानर प्रजाति हूलॉक गिब्बन, और पूर्वोत्तर भारत का एकमात्र रात्रिचर प्राइमेट-बंगाल स्लो लोरिस इसमें पाए जाते है।
- **भोगदोई नदी** अभयारण्य की सीमा के साथ अर्ध-हाइड्रोफाइटिक पौधों से भरा एक जल भराव क्षेत्र बनाती है।

**हिमालयन "गद्दी" कुत्ता**

हिमालयन "गद्दी" कुत्ते को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएजीआर) द्वारा पंजीकृत नस्ल के रूप में मान्यता दी गई है।

**प्रमुख बिंदु:**

- गद्दी कुत्ता भारत में पंजीकृत **चौथी स्वदेशी नस्ल** और हिमालयी क्षेत्र से पहली नस्ल बन गया है।
- इससे पहले तमिलनाडु के राजपालयम और चिप्पीपराई और कर्नाटक के मुधोल हाउंड को यह दर्जा दिया गया है।
- नव-पंजीकृत नस्ल की परिग्रहण संख्या **"INDIA-DOG-0600_GADDI_19004"** है।
- यह मान्यता वर्षों के वैज्ञानिक अध्ययन और दिसंबर 2022 में हिमाचल प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा शुरू की गई औपचारिक आवेदन प्रक्रिया के बाद मिली है।

## विश्व की सबसे बड़ी 3डी रंगोली

भोपाल में विश्व की सबसे बड़ी 3डी रंगोली बनाकर रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

**प्रमुख बिंदु -**



- मध्य प्रदेश में स्वामी विवेकानन्द की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर **भोपाल के शौर्य स्मारक** में दुनिया की सबसे बड़ी 3डी रंगोली बनाई गई है।
- इसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है।
- **225 x 80 फीट** की इस रंगोली को **4,000 किलोग्राम प्राकृतिक रंगों** का उपयोग करके बनाया गया है।
- इसमें स्वामी विवेकानन्द, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री यादव की छवियाँ और ग्रह की रक्षा के लिए युवाओं के दृढ़ संकल्प का प्रतीकात्मक चित्रण दर्शाया गया है।
- यह रंगोली इंदौर की कलाकार **शिखा शर्मा जोशी** और उनकी टीम ने बनाई है।

**चर्चित व्यक्तित्व-नियुक्ति**

| | | |
|---|---|---|
| **देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह** | भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) की विशेष आम बैठक (AGM) मुंबई में आयोजित हुई थी, जिसमे देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)** के क्रमशः सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। |   |

**चर्चित व्यक्तित्व-खेल**

| | | |
|---|---|---|
| **इरा जाधव** | चौदह वर्षीय उभरती हुई स्टार इरा जाधव ने **157 गेंदों पर 346 रन बनाकर** मुंबई को महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ 544 रन से अविश्वसनीय जीत दिलाई।<br>वह इस घरेलू टूर्नामेंट में **तिहरा शतक** लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। |  |

**चर्चित व्यक्तित्व-वैश्विक**

| | | |
|---|---|---|
| **ज़ोरान मिलनोविक** | क्रोएशिया के राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविक सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार को हराकर दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बने।<br>**क्रोएशिया के बारे में-**<br>❖ **राजधानी-** ज़ाग्रेब<br>❖ **मुद्रा:** यूरो (€) (EUR)<br>❖ पूर्व समाजवादी संघीय गणराज्य यूगोस्लाविया से अलग होने के बाद 25 जून 1991 को गणराज्य ने स्वतंत्रता की घोषणा की थी।<br><br><br>❖ यह **एड्रियाटिक सागर** के साथ एक तटरेखा साझा करता है। |  |

## खेल

**स्पेनिश सुपर कप**

एफसी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 5-2 से हराकर अपना 15वां स्पेनिश सुपर कप खिताब हासिल किया।

**प्रमुख बिंदु-**

- ❖ इसका फ़ाइनल **जेद्दा के किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी** में खेला गया।
- ❖ स्पेनिश सुपर कप का फाइनल फ़ुटबॉल क्लब, बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच खेला गया।
- ❖ बार्सिलोना ने फाइनल में मैड्रिड को हराया।
- ❖ स्पेनिश फ़ुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच होने वाले मैच को **एल क्लासिको** कहा जाता है।

**अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी**

| | |
|---|---|
| **महाराष्ट्र** | ❖ मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग ने पुणे , महाराष्ट्र में "उद्यमियों को सशक्त बनाना: पशुधन अर्थव्यवस्था में बदलाव" विषय पर एक **उद्यमिता विकास सम्मेलन** का आयोजन किया।<br>❖ इसका उद्देश्य पशुधन क्षेत्र की क्षमता को अनलॉक करने के लिए नीति निर्माताओं, महासंघों, सहकारी समितियों, उद्योग संघों, उद्यमियों और वित्तीय संस्थानों को एकजुट करना है। |
| **असम** | ❖ असम को न्यूयॉर्क टाइम्स की **"2025 में घूमने लायक 52 जगहों"** की सूची में |

| | |
|---|---|
| | **चौथा स्थान** दिया गया है, जिससे इसे एक अवश्य घूमने लायक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थान मिला है। ❖ रिपोर्ट में असम के प्रतिष्ठित आकर्षणों पर प्रकाश डाला गया है, जिनमें **चराइदेव मोइदम, चाय बागान, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और शिवसागर में रंग घर** शामिल हैं। |

**वैश्विक-समसामयिकी**

| | |
|---|---|
| **इंडोनेशिया** | ❖ हाल ही में इंडोनेशिया के **माउंट इबू ज्वालामुखी** में दो बार विस्फोट हुआ, जिससे चमकीला लावा और चट्टानें बहार आयी। ❖ यह ज्वालामुखी इंडोनेशिया के पूर्वी द्वीप हल्माहेरा पर स्थित है। ❖ यह ज्वालामुखी 1,325 मीटर ऊंचा (4,347 फीट) है। |
| **कैलिफोर्निया, यूएसए** | ❖ दक्षिणी कैलिफोर्निया में जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए विमानों का उपयोग करके बड़ी मात्रा में **चमकीले गुलाबी रंग के अग्निरोधी पदार्थ (pink fire retardant)** को गिराया गया हैं। ❖ यह **अमोनियम पॉलीफॉस्फेट** जैसे लवणों से बना है, जो पानी की तरह आसानी से वाष्पित नहीं होता है और लंबे समय तक बना रहता है। |

## विविध

- ❖ बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के तहत आईडब्ल्यूएआई द्वारा आयोजित आईडब्ल्यूडीसी की दूसरी बैठक में **अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश** की घोषणा की गई।
  - ➢ आईडब्ल्यूडीसी ने राष्ट्रीय जलमार्गों पर बड़े बुनियादी ढांचे के उन्नयन की वकालत की।
  - ➢ साथ ही 21 अंतर्देशीय जलमार्ग राज्यों में 1400 करोड़ रुपए से अधिक की नई पहलों की श्रृंखला की घोषणा की गई।
- ❖ केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा नई दिल्ली में **भारत जलवायु फोरम 2025** में **भारत क्लीनटेक विनिर्माण प्लेटफॉर्म** का शुभारंभ किया गया। यह पहल सौर, पवन, हाइड्रोजन और बैटरी भंडारण क्षेत्रों में भारत की स्वच्छ प्रौद्योगिकी मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ाने के लिए तैयार की गई है।
- ❖ इसरो के स्पैडएक्स मिशन के तहत भारत पहली बार अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करने के बहुत करीब पहुंचा और फिर वापस दूर चला गया। इसरो के अनुसार, 15 मीटर और फिर 3 मीटर तक पहुंचने के लिए परीक्षण किए गए। इसके बाद अंतरिक्ष यान को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया गया।
- ❖ नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता दिसंबर 2024 तक बढ़कर 209.44 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंच गई है, जो दिसंबर, 2023 में 180.80 गीगावाट थी। यह सलाना आधार पर 15.84 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

OOOO